तापमान
अधिकतम 25.2 डिग्री
न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 25 दिसंबर 2024

12 वन चौपाल में सुशासन की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार

12 राजयोग मेडिटेशन सेंटर से विभिन्न वर्गों को मिलेगा...




## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट

**महासमुंद।** अपनी पत्नी के साथ आ रहे एक व्यक्ति के साथ दो लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट कर दी। तुमगांव पुलिस ने बताया कि रूपेश पारधी निवासी कौंवाझर 23 दिसंबर को करीब 11 बजे घर से अपनी पत्नी दुर्गा पारधी के साथ पैदल आ रहा था, उसी समय खेलू साहनी और उमेश साहनी ने पुरानी रंजिश को लेकर एक राय होकर गाली देते हुए हाथ थप्पड़ एवं डंडा से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

### पुष्पवाटिका में काम करने वाले से मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली के पुष्पवाटिका में काम करने वाले व्यक्ति से कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। सरायपाली के वार्ड नं 01 वीरेंद्र नगर निवासी जोहित राम यादव ने पुलिस को बताया कि वह पुष्पवाटिका में पानी भरने का काम करता है, जहां 16 दिसंबर को शाम 6 बजे पुष्पवाटिका में कुछ लड़के, लड़कियां एवं अन्य लोग आए थे। जोहित राम ने बताया कि वहां टिकेश्वर एवं आजाद मानिकपुरी एवं अन्य लड़के लड़कियों के हाथ में पकड़ कर घूम रहे थे, जिसे उसने ऐसा क्यों कर रहे हो यहां परिवार वाले आए हैं कहा तो आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए हाथ-मुक्का लात से मारपीट करने लगे और जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों के विरुद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### त्रिस्तरीय निर्वाचन के लिए आरक्षण कार्यक्रम

**महासमुंद।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन वर्ष 2024-25 के लिए आरक्षण की प्रक्रिया के संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समय-सारिणी घोषित कर दी गई है। जिले में जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच पदों के लिए प्रवर्गवार आरक्षण की प्रक्रिया 28 दिसंबर से 29 दिसंबर तक पूरी की जाएगी। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने बताया कि आरक्षण प्रक्रिया की सूचना का प्रकाशन 23 दिसंबर को कर दिया गया है। आरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद 29 दिसंबर को इसकी जानकारी पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को भेजी जाएगी।

## खनन

# केडियाडीह रेत घाट में राजधानी के अवैध उत्खननकर्ताओं ने उतारी दो मशीनें, जल्द ही संघर्ष में तब्दील होने के आसार

### वाहनों को रोककर पुलिस और प्रशासन के हवाले किए जाने की थी तैयारी


हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सिरपुर क्षेत्र के महानदी से अवैध रेत खनन का मामला मंगलवार को एक बार फिर सामने आया है। केडियाडीह घाट में राजधानी के रेत उत्खननकर्ताओं द्वारा दो चेन माउंटेन मशीनें उतारकर अवैध उत्खनन किए जाने की बात सामने आई है। वहीं जल्द ही रेत खनन के मामले संघर्ष में तब्दील होने के आसार नजर आ रहे है। बता दें कि केडियाडीह में राजधानी के लोगों द्वारा किए गए रेत के अवैध उत्खनन को रोकने मंगलवार को तुमगांव में कुछ लोगों ने तैयारी कर रखी थी।

बता दें कि दो वाहनों को तुमगांव चौक में रोका गया जो केडियाडीह रेत घाट से रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन कर राजधानी की ओर रवाना हो रहे थे। इस दौरान वाहन में पिट पास नहीं मिला। वाहनों को रोककर पुलिस और प्रशासन के हवाले किए जाने की तैयारी थी। वहीं वाहनों को रोके जाने के बाद राजधानी के वर्मा ग्रुप के लोग तुमगांव समझौता करने पहुंच गए। लेकिन, समाचार लिखे जाने तक कोई भी अधिकारी-कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंच पाया था।

### अवैध खनन में लिप्त लोगों पर होगी एफआईआर

समय सीमा की बैठक मंगलवार को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ली। कलेक्टर ने अवैध रेत उत्खनन के प्रकरण पर संलिप्त लोगों पर एफआईआर करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने खनिज एवं राजस्व विभाग को नियमित रूप से कार्रवाई करने कहा है। इसी तरह अवैध शराब विक्रय और अनियमितता पाए जाने पर संलिप्त कर्मचारियों के विरूद्ध भी एफआईआर करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को अवैध प्लाटिंग पर निगरानी करने तथा आवश्यक कार्रवाई करने कहा गया।




■ सिरपुर क्षेत्र के महानदी से अवैध रेत खनन का मामला

### आरक्षण की तैयारी शुरु

कलेक्टर ने बैठक के दौरान बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए आरक्षण की प्रक्रिया के संबंध में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समय-सारणी घोषित कर दी गई है। जिले में जिला पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच पदों के लिए प्रवर्गवार आरक्षण की प्रक्रिया नियमानुसार पूरी की जाएगी। इस संबंध में सभी जनपद सीईओ को आवश्यक तैयारी के निर्देश दिए गए हैं।

### धान खरीदी की हुई समीक्षा

कलेक्टर ने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कहा कि धान खरीदी किसी भी शर्त में बंद न हो। उठाव की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने संग्रहित धान का उठाव तेज करने के निर्देश दिए हैं। मार्कफेड और नान के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि उठाव नियमित तौर से होता रहे। उन्होंने कहा कि ऐसी नौबत आने की संभावना को देखते हुए पूर्व से ही तैयार कर लेवें। खाद्य अधिकारी ने बताया कि धान खरीदी के लिए अभी 24 कार्य दिवस शेष है। उन्होंने बताया कि धान के अवैध विक्रय और भंडारण के 111 प्रकरण तैयार किए गए हैं जिसमें लगभग 6700 क्विंटल धान की जब्ती की गई है।

### आज मनाया जाएगा सुशासन दिवस

कलेक्टर ने भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन के अवसर पर सुशासन दिवस मनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए हैं। विकासखण्ड स्तर पर वृहद कार्यक्रम आयोजन करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसमें स्वच्छता अभियान, नशा मुक्ति शपथ और हितग्राही मूलक योजनाओं के प्रचार-प्रसार करने कहा गया। इसी तरह 27 दिसम्बर को स्वामित्व योजना अंतर्गत हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे, जिसकी तैयारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

## खरीदी: लिंकिंग के माध्यम से 240 करोड़ की हो चुकी है वसूली

# जिले में उठाव सिर्फ सात लाख धान खरीदी 50 लाख क्विंटल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

■ आने वाले दिनो में उठाव बनेगी समस्या



जिले में जब से धान खरीदी की शुरूआत हुई है तब से सभी तक खरीदी केंद्रों में कोई न कोई समस्या आ रही है। शुरूआत में हड़तालों की वजहों से खरीदी प्रभावित होती रही है तो कही धान का उठाव न होना सिरदर्द बना हुआ था। अब फिर वही समस्या उत्पन्न हो रही है। उपार्जन केंद्रों में धान की आवक बढ़ने के साथ ही समितियों की मुश्किलें भी बढ़ रही हैं। क्योंकि, धान खरीदी के अनुरूप उठाव काफी धीमा है।

बफर लिमिट वाले केंद्रों की स्थिति और भी खराब है। धान रखने के लिए जगह कम पड़ रही है। जिले में अभी तक 50 लाख क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। 92 हजार 825 किसान अपनी उपज बेच चुके हैं। उठाव सिर्फ सात लाख क्विंटल ही हो पाया है। खरीदी के आंकड़ों पर नजर डालें तो लक्ष्य से करीब 45 फीसदी धान की खरीदी हो चुकी है। जबकि, उठाव 14 प्रतिशत ही हुआ है। 44 फीसदी किसान अभी धान लेकर केंद्रों में नहीं पहुंचे हैं। कई केंद्रों में धान जाम होने पर खरीदी भी नहीं हो पा रही है। इतना ही नहीं, अब बारदाने में कम पड़ने लगे हैं। दरअसल, खरीदी प्रारंभ होने के बाद भी धान का उठाव काफी धीमी गति से हो रहा है। राइस मिलर भी हड़ताल पर थे। इससे भी समितियों की परेशानी बढ़ गई थी। वर्तमान में जिले के 182 उपार्जन केंद्रों में से 154 में बफर लिमिट से अधिक धान जाम है। समितियों को धान की सुरक्षा की चिंता सताने लगी है। इधर, मौसम में बदलाव हो रहा है। बेमौसम बारिश हुई तो धान की सुरक्षा करना समितियों के लिए चुनौती बन जाएगी। वैसे भी मौसम विभाग ने 28 दिसंबर तक प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। जिला सहकारी बैंक नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा ने बताया कि जिले में 50 लाख क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। 92 हजार किसान धान बेच चुके हैं। धीरे-धीरे धान की आवक बढ़ रही है।

### 240 करोड़ ऋण की वसूली

जिला सहकारी बैंकों से जिले के पंजीकृत 82 हजार 110 किसानों को 426 करोड़ रुपए का ऋण वितरण किया गया था। अब लिंकिंग के माध्यम से ऋण वसूली की प्रक्रिया चल रही है। अब तक किसानों से 240 करोड़ रुपए की ऋण की वसूली की जा चुकी है। धान की आवक बढ़ने के साथ ही ऋण की वसूली में तेजी आएगी। फिलहाल, 44 फीसदी किसान अपनी उपज नहीं बेच पाए हैं। ऋण वसूली के आंकड़ों से पता चलता है कि इस साल सहकारी बैंक अपना टारगेट पूरा कर लेगा।

### धान बेचने बचे हैं 72 हजार से अधिक किसान

इस बार आज की स्थिति में जिले में 90003 किसानों से अब तक 427384.72 टन धान की खरीदी की जा चुकी है। जबकि, उठाव 63285.64 टन हो पाया है। इस बार 1 लाख 62 हजार 323 किसानों ने पंजीयन कराया था। वहीं, खरीदी के लिए महासमुंद जिले को 12 लाख 45 हजार 963 मी.ट. धान खरीदी का लक्ष्य मिला है। आज 40 वां दिन है तथा अब भी धान बेचने के लिए 72 हजार 320 किसान धान विक्रय नहीं कर पाए हैं।

# अंबेडकर के सम्मान में निकाला मार्च

## कांग्रेसियों ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



संसद में डॉक्टर अंबेडकर के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी की खिलाफत करते हुए कांग्रेसियों ने शाह से इस्तीफा मांगा और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 24 दिसंबर को बाबा साहेब अंबेडकर के सम्मान में मार्च निकालकर अनुभागीय अधिकारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि गृह मंत्री शाह और भाजपा ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों के सदस्यों को दिए गए सकारात्मक कार्रवाई और आरक्षण के मुद्दे को महत्वहीन बता दिया है और आज तक ना तो अमित शाह और ना ही भाजपा संसद में इस तरह की अपमानजनक टिप्पणी के लिए स्पष्टीकरण दिया है और ना ही माफी मांगा गया है। संविधान के निर्माता के प्रति अनादर की भावना भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों के अहंकार का उच्चतम शिखर है। शाह की टिप्पणी ने करोड़ों भारतीयों की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। इस विषय पर सर्वोच्च संवैधानिक पदाधिकारी और संघ राज्यों के प्रमुख राष्ट्रपति से आग्रह करते है कि वे अमित शाह को केंद्रीय गृह मंत्री के पद से तुरंत बर्खास्त करें,उन्हें डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के खिलाफ की गई टिप्पणी के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने का निर्देश दें। सम्मान मार्च में खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, कृष्ण चंद्राकर उपाध्यक्ष नगर पालिका, संजय शर्मा पूर्व प्रभारी महामंत्री, प्रदीप चंद्राकर महामंत्री, गुरमीत चावला प्रभारी महामंत्री, पूर्व एल्डरमैन सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, पूर्व अध्यक्ष जसबीर ढिल्लो, मोती साहू, प्रकाश अजमानी, नितेंद्र बैनर्जी, बसंत चंद्राकर, सन्नी महानंद, धर्मेंद चंद्राकर, बबलू महानंद, तुलसी देवदास, भानू सोनी एवं अन्य कांग्रेस पदाधिकारी अनुविभागीय कार्यालय जाकर अनुविभागीय अधिकारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

### बजरंग दल ने बचाई गौमाता की जान



**पटेवा।** पटेवा से लगे ग्राम सिनोधा के एक कुएं में विगत 3 दिन से गिरी गौमाता को बजरंग दल द्वारा सुरक्षित निकाला गया। मिली जानकारी के अनुसार गौमाता सूखे कुएं में शुक्रवार को गिर गई है। जानकारी मिलते ही बजरंग दल प्रखंड अध्यक्ष लीलाधर नायक के नेतृत्व में पटेवा महासमुंद झलप के बजरंगी अपने टीम के साथ पहुंचकर तथा ग्राम के युवकों के साथ मिलकर 2 घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर सुरक्षित निकाला गया गौमाता सहमी हुई थी। जिसके कारण बजरंगियों के कुएं में उतरते ही हमला करने लगी, कुछ साथी को मामूली चोट भी आई, लेकिन हिम्मत न हारते हुए गौमाता को सुरक्षित निकाला गया। इस दौरान मौके पर (प्रखंड अध्यक्ष) लीलाधर नायक, (विभाग सह संयोजक) इवन साहू, (जिला संयोजक) दुर्गेश यादव, राजा अग्रवाल, देवलाल साहू, भोला नंद, राहुल ध्रुव, पप्पू गजेंद्र, खिलेश्वर ध्रुव, परमेश्वर साहू, तिलेश्वर साहू, गीतेश यादव, राजू साहू, यशवंत साहू, मंशाराम साहू, मुकेश ध्रुव, देव साहू, घनश्याम साहू आदि उपस्थित रहे।

# अछोला के सरपंच की बर्खास्तगी पर हाईकोर्ट का स्थगन

**महासमुंद।** दो साल पहले बर्खास्त हुए अछोला के सरपंच कमलनारायण साहू की बर्खास्तगी पर हाईकोर्ट ने स्थगन आदेश जारी कर दिया है। अछोला सरपंच कमल नारायण को तात्कालीन अनुविभागीय अधिकारी भागवत जायसवाल ने छग पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 के तहत 22 सितंबर 2022 को बर्खास्त कर दिया था। बता दें कि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राशि समायोजन के संबंध में राशि समायोजन के बाद 82152 रुपए कमलनारायण साहू का भुगतान शेष पाया था। पर अनियमितता व भ्रष्टाचार के आरोप के चलते बर्खास्त करने के अलावा 6 वर्ष के लिए चुनाव लड़ने पर भी प्रतिबंधित लगा दिया था। बाद सरपंच ने महासमुंद कलेक्टर व रायपुर कमिश्नर के समक्ष बर्खास्तगी के खिलाफ अपील की थी। इस फैसले के खिलाफ साहू ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जहां से स्थगन आदेश जारी किया गया। सरपंच कमलनारायण ने बताया कि उन्हें राजनीति से प्रेरित होकर बर्खास्त कर दिया गया था।

# लिमदरहा में कच्ची शराब जब्त, दो हजार किलो महुआ लाहन किया नष्ट



**महासमुंद।** आबकारी विभाग महासमुंद की संयुक्त टीम ने वृत्त बसना अंतर्गत ग्राम लिमदरहा में 84 बल्क लीटर हाथभट्ठी कच्ची महुआ शराब एवं 40 बोरियों में भरी हुई महुआ लाहन 2000 किलोग्राम जब्त की है। जानकारी के अनुसार आबकारी टीम को मुखबिर से मिली सूचना मिली कि ग्राम लिमदरहा के तालाब में कुछ लोग काफी मात्रा में विक्रय करने के लिए शराब निर्माण कर ग्राहक की इंतजार कर रहे हैं। शराब बनाने के लिए महुआ पास काफी मात्रा में अलग-अलग जगह में छिपा कर रखे हैं। सूचना के आधार पर संयुक्त आबकारी टीम ग्राम लिमदरहा तालाब के किनारे 1 जरीकेन में 50 लीटर महुआ शराब एवं दूसरे जरीकेन में 20 लीटर महुआ शराब तथा 7 प्लास्टिक बॉटल में 14 लीटर महुआ शराब कुल 84 बल्क लीटर महुआ शराब कीमत 16800, 40 नग प्लास्टिक बोरियों में भरी हुई महुआ लहान 2000 किलो कीमत 100000 रुपए को जब्त किया गया। लाहन को मौके पर नष्ट किया गया। आरोपियों की पतासाजी किया गया, पर कोई पता नहीं चलने पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2011 की धारा 34 (1)क, च, एवं 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। यह कार्रवाई आबकारी उपनिरीक्षक दरसराम सोनी, शिवशंकर, मुकेश वर्मा, नीतेश बैस, अनिल कुमार झरिया, प्रधान आरक्षक राज किशोर पांडे, आरक्षक संजय तिवारी, देवेश मांझी ने संयुक्त रूप से की है।

## पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## मसीही समुदाय के लोगों ने की खरीदारी, पर्व को लेकर भारी उत्साह

# क्रिसमस का पर्व आज, शहर के गिरजाघरों में हुई सजावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

क्रिसमस का पर्व को आज धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए मुख्यालय में तैयारियां जोरों पर हैं और मसीही समुदाय के घरों में लोग कैरोल गीत गाकर खुशियां मना रहे हैं। बाजार में सांता क्लाज की ड्रेस, ट्री व सजावट के सामान की खूब बिक्री हो रही है। क्रिसमस को लेकर ईसाई समुदाय के लोगों में उत्साह देखते ही बन रहा है। मसीही समुदाय के घरों में रंगाई-पुताई के बाद अब उन्हें रंग-बिरंगी झालरों व कागज के पताकाओं से सजाया जा रहा है। शहर के गिरिजाघर भी शाम होते-होते रंगबिरंगी रोशनी से जगमगाने लगीं हैं।



क्रिसमस को लेकर दुकानों में टावर, परी, हिरन व अन्य सामान नए माडलों में उपलब्ध हैं। बाजार में सेंटा म्यूजिकल में हिरन पर सवार सेंटा, क्रिसमस ट्री, डांसिग सेंटा उपलब्ध हैं। इस बार क्रिसमस ट्री एक से लेकर आठ फीट तक व अन्य मेरी क्रिसमस डेकोरेशन, सेंटा दाढ़ी, सेंटा कैप, सेंटाड्रेस के अलावा मेरी क्रिसमस बैनर, स्टिकर, रंगी बिरंगी लड़ियां, सेंटा हेंगिग बाल, सेंटा बेल, सेंटा स्टार की खरीदारी हो रही है। क्रिसमस प्रभु यीशु मसीह के जन्म उत्सव को लेकर गिरजाघर में तैयारी शुरू हो गई है। बड़ा दिन और प्रभु यीशु के आगमन के पहले क्रिश्चन समाज प्रतिदिन शाम से लेकर देर रात तक बच्चे, महिला, युवा और बुजुर्गों अपने घरों में कैरोल सिंगिंग की प्रस्तुति कर रहे है। तुमगांव रोड स्थित सेंट पीटर्स चर्च के प्रेसबिटर इंचार्ज रेव्ह प्रमेंद्र सिंग ने बताया कि सोमवार से कैरोल गायन का कार्यक्रम शुरू किया गया है। जिसमें बच्चे, महिलाएं, युवा और बुजुर्ग मिलकर नृत्य, गीतों के माध्यम से प्रभु यीशु मसीह के आगमन की तैयारी हो रही है। आज सुबह ख्रीस्त जन्म उत्सव मनाया जाएगा।

### गिरजाघरों में हो रही प्रार्थना सभा

ईसाई समाज के लोग गिरजाघरों में भी अलग-अलग तरह के आयोजन, प्रार्थना सभा के आयोजन शुरू कर दिए हैं। समाज के लोग भी क्रिसमस पर्व की तारीख नजदीक आते ही उत्साहित नजर आ रहे हैं। साथ ही जमकर खरीदी करने में व्यस्त हैं। रविवार आराधरा में समाज के लोग शामिल हो रहे हैं। इसके अलावा क्रिसमस के लिए केक का ऑर्डर भी दिया जा रहा है। विभिन्न फ्लेवर केक बनवाए जा रहे हैं। प्रभु यीशु के जन्म उत्सव पर विभिन्न आयोजन किए जाएंगे।

## आवश्यकता है

महासमुंद जिला कार्यालय में संपादकीय विभाग में

रिपोर्टर (2 पद)

के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।

अनुभवी को प्राथमिकता

(हिंदी टायपिंग अनिवार्य)

इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ कार्यालय में संपर्क करें। समय: सुबह 11 से शाम 5 बजे तक

-संपर्क करें-

99811-31365

Email-haribhoomi.msmd@gmail.com

हरिभूमि प्रीतम प्राइड कॉम्पलेक्स, स्वामी चौक-महासमुंद

## खबर संक्षेप

### सुशासन दिवस का आयोजन कनेकेरा में आज

**महासमुंद।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर सुशासन दिवस का आयोजन 25 दिसंबर को किया जाएगा। इस दौरान अटल चौक की साफ-सफाई एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। महासमुंद जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीएस मंडावी ने बताया कि महासमुंद विकासखंड के ग्राम कनेकेरा में प्रातः 11 बजे से सुशासन दिवस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें किसान, महिला समूह, युवा और आम नागरिकों को आमंत्रित किया गया है।

### 94174 किसानों से 519033.28 टन धान की खरीदी

**महासमुंद।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी अभियान सुचारू रूप से जारी है। नोडल अधिकारी अविनाश शर्मा ने बताया कि 24 दिसंबर तक 182 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से 94174 किसानों से 519033.28 टन धान खरीदा गया, जिसकी राशि 1193 करोड़ 77 लाख रुपए किसानों को वितरित की गई। उन्होंने बताया कि जिले के उपार्जन केंद्रों में एक करोड़ 79 लाख 82 हजार 618 बारदाना प्राप्त हुआ है। जिसमें 93 लाख 10 हजार नया बारदाना है। 67 लाख 37 हजार 164 बारदाना मिलर से प्राप्त, 15 लाख 67 हजार 9 पीडीएस से प्राप्त तथा किसानों से 3 लाख 68 हजार 445 बारदाना प्राप्त हुआ है। एक करोड़ 33 लाख 26 हजार 408 बारदानें का उपयोग उपार्जन केंद्रों में किया जा रहा है। अभी 46 लाख 56 हजार 210 बारदाना शेष है। जिला विपणन अधिकारी राठौर ने बताया कि उपार्जन केंद्र नर्रा में कुल 175 क्विंटल धान खरीदी की गई है। इसी तरह तेंदूकोना के उपार्जन केंद्र में 2651 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिले में धान खरीदी और उसके उठाव को लेकर प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारी की गई है। ताकि, सुचारू रूप से धान उठाव की प्रक्रिया जारी रहे। जिला प्रशासन, सहकारी समितियां मार्कफेड और अन्य संबंधित विभाग मिलकर उठाव प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए सक्रिय प्रयास जारी हैं। किसानों को धान रखने की असुविधा की शिकायतों को लेकर भी प्रशासन ने संज्ञान में लेते हुए जिन केंद्रों पर जगह की कमी है, वहां वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

# क्रिसमस के लिए हो रहे प्रार्थना गीत, प्रभु यीशु के आने की खुशी में झूमा मसीही समाज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली**

प्रभु यीशु के आने की खुशी में मसीही समाज जोरशोर से स्वागत की तैयारी किया गया। रात ठीक 12 बजे गिरजाघरों में प्रभु यीशु का जन्म धूमधाम से केक काटकर मनाया गया। क्रिसमस पर्व को लेकर लोग घरों को सजाने क्रिसमस ट्री सहित अन्य सजावटी सामान से भी सजाया गया है। कही सांता क्लॉज बच्चों को गिफ्ट देकर खुश कर रहे है तो वहीं महिलाएं क्रिसमस थीम पर किटी पार्टी सेलिब्रेट कर रही है। शहर के गिरजाघरों में प्रभु यीशु के आने की खुशी में भव्य सजाया गया है।

मसीही समाज के प्रमुख जहां प्रार्थना सभा में शामिल होने वालों की बैठक व्यवस्था की तैयारी भी है। वहीं युवाओं के ग्रुप ने समाज के लोगों तक प्रभु यीशु के आने का संदेश कैरोल सिंगिंग से देने के लिए हर दिन अलग-अलग बस्तियों व पॉश कॉलोनियों में रहने वाले लोगों तक पहुंचे थे। सिंगिंग दल में सांता क्लॉज बनकर चलने वाले लोग आकर्षण का केंद्र भी हैं। गिरजाघर में क्रिसमस से पर्व पर क्रिसमस झांकी निकाली गई। इसमें समाज के लोग मरी तादाद में शामिल हुए थे। लोग सांता



क्लॉज बनकर कॉलोनी में रहने वाले परिवारों के बीच पहुंच रहे है। कैरोल गायन के बाद आसपास रहने वाले बच्चों और परिवार के लोगों को खुशी का इजहार करते हुए चॉकलेट और गिफ्ट दिया गया।

### क्रिसमस थीम पार्टी सेलिब्रेशन

क्रिसमस और नए साल को लेकर बच्चे, युवा और महिलाओं सहित सभी आयु वर्ग को लोग काफी उत्साहित दिखाई दे रहे है। इसी कड़ी में महिलाओं ने क्रिसमस थीम पर पार्टी सेलिब्रेट की। रेड ड्रेस और सेंटा टोपी पहनकर केक काला और सभी को बधाई दी।

### क्रिसमस पर निकाली रैली

मसीही समाज द्वारा क्रिसमस पर्व पर झिलमिला स्थित मेनोनॉइट चर्च से प्रभु की स्तुति करते हुए नगर भ्रमण किया गया, गाजे बाजे के साथ मसीही समाज के युवा बच्चे बुजुर्ग सभी ने प्रभु की प्रार्थना की एवं ख़ुशहाली की दुआ मांगी। साथ ही मसीही समाज द्वारा शहर के हृदय स्थल जयस्तम्भ चौक पर माला पहना कर शाल भेंट कर स्वागत किया गया। अग्रवाल द्वारा भी मसीही समाज के लोगों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी।

## कार्यक्रम : कलेक्टर ने किया जिला स्तरीय युवा उत्सव सिरपुर का शुभारंभ

# प्रतिभागियों को बेहतर प्रदर्शन करने और नशापान से दूर रहने दिया संदेश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

छत्तीसगढ़ सरकार के गठन एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'सुशासन सप्ताह' के अंतर्गत जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन सिरपुर में किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, दाऊ लाल चंद्राकर, उप संचालक कृषि एफ आर कश्यप, जिला परिवहन अधिकारी आरके ध्रुव, सहायक संचालक शिक्षा सतीश नायर, पोषण साहू जनसंपर्क, मधु साहू, एआर ध्रुव सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग और नेहरू युवा केन्द्र महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। इस दौरान कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने प्रतिभागियों द्वारा प्रदर्शित युवा कृति एवं विज्ञान मेला प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से युवाओं की प्रतिभा को प्रोत्साहन मिलता है और उन्हें अपनी कला एवं कौशल दिखाने का अवसर मिलता है। इस उत्सव के माध्यम से जिले के प्रतिभाशाली युवाओं को एक मंच प्रदान किया गया, जिससे युवाओं के कौशल को नई पहचान मिल सके। उन्होंने सभी विजेता प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी युवाओं ने सामूहिक एवं व्यक्तिगत रूप से विकासखण्ड स्तर पर विजेता बनकर जिला स्तरीय कार्यक्रम में अपने-अपने हुनर का प्रदर्शन किया है आप सभी बधाई के पात्र है। कार्यक्रम में जिले भर से आए प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी कला का प्रदर्शन किया। युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। शुभारंभ अवसर पर सामूहिक जुडो का प्रदर्शन भी किया गया। सांस्कृतिक आकर्षक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। उत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें सामूहिक एवं व्यक्तिगत लोक नृत्य, लोक गीत प्रतियोगिताएं, कहानी लेखन, चित्रकला, तात्कालिक भाषण और कविता प्रतिस्पर्धा शामिल थीं। युवा कृति श्रेणी के तहत हस्तशिल्प, टेक्सटाइल और कृषि उत्पादों का प्रदर्शन भी किया गया। इसके अलावा विज्ञान मेला का सामूहिक प्रदर्शन किया गया। साथ ही उत्सव का मुख्य आकर्षण रॉक बैंड की प्रस्तुति रही।



**जिला स्तरीय युवा उत्सव सिरपुर में हुआ, लोक नृत्य में प्रथम मुड़यिडीह महासमुंद, लोक गीत में प्रथम दिनेश एवं साथी**

प्रतिभागियों ने फोटोग्राफी विधा में भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के परिणाम कहानी लेखन में प्रथम स्थान हेमा साहू महासमुंद, द्वितीय स्थान गुलशन साव बसना, तृतीय स्थान समीर नायक सरायपाली ने प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रितिक पहरिया महासमुंद, द्वितीय स्थान सुष्मिता प्रधान बसना, तृतीय स्थान भावना साहू सरायपाली ने प्राप्त किया। तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भैरव प्रसाद पाल महासमुंद, द्वितीय स्थान गरिमा कन्नौजे पिथौरा, तृतीय स्थान वर्षा गजेंद्र महासमुंद ने प्राप्त किया। कविता लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सिंधू जगत सरायपाली, द्वितीय स्थान गुलशन साव बसना, तृतीय स्थान, दिनेश कुमार साहू महासमुंद ने प्राप्त किया। विज्ञान मेला दलीय प्रथम स्थान मल्टी पर्पस स्मार्ट कार के लिए प्रीति व रौशनी पिथौरा, द्वितीय स्थान ऑटो मेटिक स्ट्रीट लाईट चंद्रयान के लिए केशव चेलक महासमुंद, विज्ञान मेला एकल में प्रथम स्थान फूटस्टेप इलेक्ट्रिसिटी जनरेटर मॉडल के लिए रुद्राक्ष शुक्ला पिथौरा, द्वितीय स्थान ऑटो मेटिक पंप मॉडल के लिए अंशिका पिथौरा, तृतीय स्थान एग्रीकल्चर सेफ्टी मॉडल के लिए गरिमा कन्नौज पिथौरा ने प्राप्त किया। सामूहिक लोक गीत में प्रथम स्थान दिनेश साहू एवं साथी महासमुंद, द्वितीय स्थान अदिति छत्रे एवं साथी बागबाहरा, तृतीय स्थान भावना चौहान व साथी सरायपाली ने प्राप्त किया। एकल लोक गीत में प्रथम स्थान द्रौपदी साहु, महासमुंद, द्वितीय स्थान अदिति छत्रे, बागबाहरा, तृतीय स्थान अर्चना सामल, बसना ने प्राप्त किया। लोक नृत्य में प्रथम स्थान अजय मिर्च एवं साथी, महासमुंद, द्वितीय स्थान डंडा नाचा, बागबाहरा, तृतीय स्थान पंथी नृत्य पिथौरा को मिला। रॉक बैंड में प्रथम स्थान जावेद कुरैशी व साथी बागबाहरा ने प्राप्त किया। फोटोग्राफी में हेमंत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण समारोह में अतिथि रमेश साहू विधायक प्रतिनिधि महासमुंद, पवन पटेल, मुन्ना साहू, दाऊ लाल चंद्राकर, लोकेश चंद्राकर, नीलमणि चंद्राकर, खेल अधिकारी मनोज धृतलहरे उपस्थित रहे। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। आयोजन को सफल बनाने में निर्णायक मंडल डॉ . विकास अग्रवाल, सुरेंद्र मानिकपुरी, अंकित भोई, अवनीश वाणी, वीके असगर, पुष्पलता भार्गव व प्रेमचंद डडसेना, हेमसागर कैवर्त, डॉ. शुभ्रा डडसेना, सुधीर प्रधान, भूपेंद्र प्रधान, गणेश कोसरे, कामता साहू, वेदराम, छन्नू साहू, नीलम सिन्हा, एवन साहू, अशोक चक्रधारी नेहरू युवा केंद्र का सहयोग रहा। मंच संचालन विजय मिर्चे एवं डॉ. विकास अग्रवाल एवं आभार व्यक्त खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे ने किया।

# मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए किया प्रेरित

**महासमुंद।** श्याम बालाजी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम लभराखुर्द शासकीय स्कूल में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर शुभारंभ के दौरान महाविद्यालय के संचालक हेमंत चंद्राकर, सचिव तारा चंद्राकर, प्राचार्या डॉ. अंकिता चंद्राकर, मैनेजिंग डायरेक्टर अंश दिव्य चंद्राकर, कार्यक्रम अधिकारी निर्मल बंजारे और गीताजंलि यादव उपस्थित रहे।

सभी स्वयंसेवकों को पांच दलों में विभाजित किया गया। होमेश कुमार साहू और अल्का पुरोहित को शिविर नायक व नायिका नियुक्त किया गया। स्वयंसेवकों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया और शिविर के नियमों की जानकारी दी गई। साथ ही आदर्श वाक्य मैं नहीं, आप का महत्व समझाया गया। शिविर द्वितीय दिवस की थीम खेलों के संग, स्वस्थ तन-मन रहा। स्वयंसेवकों ने पूरे जोश के साथ विद्यालय परिसर की सफाई की और स्वच्छता का संदेश दिया। दोपहर में बौद्धिक परिचर्चा एवं खेलकूद का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ईश्वर चंद्राकर (प्रदेश सचिव, शिक्षक संघ) रहे। साथ हेमंत चंद्राकर, तारा चंद्राकर एवं प्राचार्य डॉ. अंकिता चंद्राकर, कार्यक्रम अधिकारी निर्मल बंजारे एवं गीतांजलि यादव रहे। ईश्वर चंद्राकर ने खेलों के महत्व के समझाते हुए अपने शरीर को स्वस्थ रखने की प्रेरणा दी।

अतिथियों ने खेलों के महत्व और स्वस्थ जीवनशैली के बारे में महत्वपूर्ण विचार साझा किए। स्वयंसेवकों को खेलों के माध्यम से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने की प्रेरणा दी। शाम को खेलकूद प्रतियोगिता हुई। जिसमें ग्रामीण बच्चों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। शिविर के तृतीय दिवस की थीम नशा मुक्ति रहा। जिसमें स्वयंसेवकों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। सुबह स्वयंसेवकों ने स्कूल परिसर और आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। दोपहर को बौद्धिक परिचर्चा हुई। जिसमें राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण मनोवैज्ञानिक मेघा ताम्रकार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने नशे से होने वाले दुष्प्रभावों और तंबाकू नियंत्रण के उपायों पर विस्तार से चर्चा की।

कार्यक्रम में हेमंत चंद्राकर, तारा चंद्राकर, डॉ. अंकिता चंद्राकर, निर्मल बंजारे, गीतांजलि यादव, मुकेश चंद्राकर मौजूद रहे। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। स्थानीय कलाकारों और स्वयंसेवकों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा माहौल जीवंत हो गया। वहीं अतिथियों और स्वयंसेवकों के बीच ज्ञान और अनुभव साझा किए गए, जिससे सभी को नशा मुक्ति के प्रति जागरुकता और प्रेरणा मिली। इस पूरे आयोजन ने नशामुक्ति के प्रति ग्रामीणों और युवाओं में एक नई सोच और सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया।

# श्रम विभाग से 7152 पात्र हितग्राहियों को मिला 7.60 करोड़ रुपए का लाभ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा श्रमिकों और उनके परिवारों के सशक्तिकरण के लिए कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिले के श्रम कल्याण अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं से जिले के पंजीकृत हितग्राहियों को योजनावार राशि से लाभान्वित किया गया है। उन्होंने बताया कि 13 दिसंबर 2023 से 23 दिसंबर 2024 तक 7 हजार 152 श्रमिक लाभान्वित हुए हैं। इन योजनाओं के माध्यम से कुल 7 करोड़ 60 लाख 11 हजार 500 रुपये की राशि वितरित की गई। जिसमें मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना के तहत 56 श्रमिक परिवारों को 56 लाख रुपये, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के तहत 1981 लाभार्थियों को 3 करोड़ 96 लाख 20 हजार रुपये, मिनीमाता




महतारी जतन योजना में 844 माताओं को 1 करोड़ 68 लाख 80 हजार रुपए, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना में 3870 छात्रों को 81 लाख 2 हजार 500 रुपये, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेंधावी शिक्षा सहायता योजना से 50 छात्रों को 3 लाख 61 हजार 500 रुपये, दीदी ई-रिक्शा सहायता योजना के तहत 01 लाभार्थी को 01 लाख रुपये, मुख्यमंत्री श्रमिक सियान सहायता योजना से 267 वरिष्ठ श्रमिकों को 53 लाख 40 हजार रुपये, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग योजना से 78 बच्चों को कोचिंग की सुविधा प्रदान की है। और मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन सहायता योजना से 05 लाभार्थियों को 7,500 रुपए की सहायता दी गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन साल में, सरकार श्रमिकों और उनके परिवारों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है। इन योजनाओं का उद्देश्य श्रमिक वर्ग को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है।

# आत्मानंद अंग्रेजी महाविद्यालय में मनाया गया वीर बाल दिवस

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में मनप्रीत सिंह, ज्ञानी गुरुद्वारा महासमुंद रहे। प्रतिमा चंद्राकर (व्याख्याता हिंदी) एवं रवि देवांगन (व्याख्याता अर्थशास्त्र) कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे निलेश कुमार तिवारी ने बताया कि 9 जनवरी 2022 को गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश वर्ष के दिन किए गए घोषणा के आधार पर 26 दिसंबर 2023 को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा को गोविंद सिंह के पुत्रों साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह की शहादत की स्मृति को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं संस्था प्रमुख प्रो. अग्रवाल ने बताया कि वीर बाल दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य देश की




स्वतंत्रता एवं अखंडता में सिख समाज के अभूतपूर्व योगदान को याद रखना है। उन्होंने यह भी कहा कि देशभक्ति और राष्ट्र रक्षा करने के लिए आयु का कम अथवा अधिक होना मायने नहीं रखता अपितु भावना और जज्बा होना चाहिए। वीर बालकों ने अपनी शहादत देकर यही संदेश हम भारतीयों को दिया है। हम इस दिवस पर सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह के साहबजादों बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी शहादत को याद करते हैं।

मुख्य वक्ता मनप्रीत सिंह ने सिखों के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सिखों के नवें गुरु तेग बहादुर सिंह का देश प्रेम की भावना विकसित करने में ऐतिहासिक भूमिका रही, उन्होंने मुगल बादशाह औरंगजेब के समय के वृतांतों का सविस्तार वर्णन करते हुए सिख समुदाय का देश प्रेम सामाजिक सद्भाव तथा राष्ट्रीयता की भावना के लिए किए गए संघर्ष की घटनाओं का सविस्तार वर्णन किया। उन्होंने बताया कि गुरु तेग बहादुर सिंह के पोते साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह मात्र 9 वर्ष एवं बाबा फतेह सिंह मात्र 7 वर्ष की उम्र में वीरता के साथ राष्ट्र भक्ति की प्रेरणा दी थी। उनकी शहादत के बाद से ही सिख समाज में 11वीं गुरु के रूप में गुरु ग्रंथ साहिब को मान्यता प्रदान की गई। अपनी व्याख्यान के उपरांत मनप्रीत सिंह ने विद्यार्थियों से रूबरू होते हुए उनके प्रश्नों का समाधान किया एवं उनसे सीधे प्रश्नोत्तरी के माध्यम से जानकारी भी साझा किया। कार्यक्रम में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय के समस्त स्टाफ तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें प्रतिभागियों के रूप में जिज्ञासा शर्मा (बीए द्वितीय वर्ष), दिव्या गंडेचा (बीए द्वितीय वर्ष), सीमा साहू ( बीकॉम द्वितीय वर्ष ) एवं शिवानी दवे (बीए प्रथम सेमेस्टर) ने अपने भाषण को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन प्रतिमा चंद्राकर सहायक प्राध्यापक हिंदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रवि देवांगन (सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र), तरुण कुमार बांधे ( सहायक प्राध्यापक वाणिज्य), मुकेश कुमार सिन्हा (व्याख्याता कंप्यूटर एप्लीकेशन), हरिशंकर नाथ (व्याख्याता राजनीति शास्त्र), माधुरी दीवान (व्याख्याता -वाणिज्य) चित्रेश बरेठ ( व्याख्याता रसायन विज्ञान), आलोक त्रिलोक हिरवानी (व्याख्याता कंप्यूटर विज्ञान), डॉ. ग्लैडिस मैथ्यू (व्याख्याता समाजशास्त्र), संजय कुमार (व्याख्याता अंग्रेजी) तथा शेषनारायण साहू (प्रयोगशाला तकनीशियन) आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु महाविद्यालय के कर्मचारी कौशल साहू ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# अंत में भोजन करने वाली गृहिणी के घर में होता अन्नपूर्णा का वासः पं. नंदाचार्य

## व्यासपीठ से ऋषि कर्दम और देहुति विवाह प्रसंग व कपिल अवतार का किया बखान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

स्थानीय जगन्नाथ भवन एफसीआई के पीछे में महंती परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा में कर्दम ऋषि और देहुति के विवाह प्रसंग और भगवान कपिल अवतार कथा का बखान करते हुए व्यासपीठ से पं. नंदाचार्य दुबे ने कहा कि जिस घर में गृहणी सभी को भोजनकराकर अंत में भोजन करती है उस घर में सदैव अन्नपूर्णा का वास होता है। भोजन बनाने का पात्र कोई साधारण नही, बल्कि अक्षय पात्र की तरह सब को तृप्त करने की क्षमता रखता है इसलिए गृहिणी को चाहिए कि सभी को भोजन कराने के बाद अंत में भोजन ग्रहण करें। घर में भोजन तैयार उस समय कोई अतिथि आ जाए तो उसे भी बने हुए भोजन से आहार मिल जाता है और सभी संतुष्ट हो जाते है।

उन्होंने द्रौपदी के अक्षय पात्र का वर्णन करते हुए कहा कि अक्षय पात्र से तब तक भोजन निकलता था जब तक द्रौपदी स्वयं भोजन न कर ले। इसी तरह पति को चाहिए कि भोजन के समय आने में विलंब हो तो घर में यह सूचना देना चाहिए कि आने में विलंब है इसलिए समय पर सभी भोजन कर लें। ऋषि कर्दम से विवाह उपरांत देहुति ने पुत्रवती का वरदान मांगा, लेकिन





कर्दम ऋषि तपस्या में चले गए और उन्हें 12 वर्षों की समाधि लग गई। इस बीच देहुति ने सामने रहकर पतिव्रता धर्म का पालन किया। जब कर्दम तपस्या से उठे तो सामने देहुति को देखकर पहचान नहीं पाए और पूछा कि तुम कौन हो, इस पर उसने याद दिलाया कि उनका विवाह हुआ था। विवाह के बाद तपस्या में चले गए। ऋषि को ध्यान आने पर बहुत प्रसन्न हुए कहा कि कोई वरदान मांगों इस पर देहुति ने कहा कि पुत्रवती का वरदान पहले दिए हो उसे ही पूरा करो।

इस पर ऋषि कर्दम ने सरस्वती नदी में स्नान कर आने को कहा जब नदी में स्नान कर देहुति आई तो वहां तप प्रभाव से विमान तैयार था। जिसमें दोनों गगन में विहार करने लगे। सौ वर्षों के विहार के बाद जब वे धरती पर आए तो उनके साथ 9 कन्याएं थी। कन्याओं को समर्पित कर ऋषि पुनः तप में जाने लगे तो देहुति ने पुनः कहा कि वरदान पुत्रवती का था, जो पूरा नहीं हुआ। इस पर ऋषि को ध्यान आया और वे भगवान का स्मरण करने लगे। नारायण ने स्वयं भगवान कपिल के रूप में माता देहुति और कर्दम ऋषि के यहां संतान के रूप में जन्म लेकर दोनों को जगत माता और जगत पिता बनने का सौभाग्य दिया। जब ऋषि कर्दम तपस्या में चले गए तो माता देहुति को 9 कन्याओं की विवाह की चिंता सताने लगी उसी समय देव ऋषि नारद का आगमन हुआ और माता देहुति को अपनी चिंता का कारण भगवान कपिल को बताने कहा। माता के आज्ञा पर भगवान कपिल ने 9 ब्रह्मऋषियों से 9 कन्याओं का विवाह कराया। पश्चात माता देहुति ने कपिल से सवाल किया कि सच्चे आनंद की प्राप्ति कैसे होती है, इस पर भगवान कपिल ने माता को बताया कि केवल परमात्मा की शरणागति से ही सच्चा सुख और आनंद की प्राप्ति हो सकती है।

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महासमुंद**

**शपथ पत्र**

मैं शपथ कर्ता नेमीचंद साहू उम्र 35 साल पिता हरिराम साहू जाति तेली निवासी ग्राम कागदेही थाना व तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. का निवासी हूं जो सत्यनिष्ठा से शपथ पूर्वक कथन करता हूं:-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य व सही है।

2. यह कि मैने ग्राम परसकोल पहनं 41 रानिमं व तह. महासमुंद में स्थित भूमि खसरा नंबर 127/2 का तुकड़ा रकबा 1500 वर्ग फुट परिवर्तित लगान रुपया भूमि स्वामी पुष्पकांति भोई पति रूद्रचरण भोई जाति कोलता के नाम पर दर्ज है।

3. यह कि मेरे द्वारा उक्त जमीन को विक्रेता पुष्पकांति भोई से खरीदी करने का पक्का सौदा दिनांक 18.12.2024 को तय कर बयाना 11000/- रुपए भुगतान कर चुका हूं।

4. यह कि मेरे द्वारा क्रय शुदा उक्त जमीन में किसी व्यक्ति विशेष संस्थान आदि किसी का दावा व आपत्ति हो तो वह एक सप्ताह के भीतर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। अतः उक्त जमीन का ईश्तहार प्रकाशन करने बाबत शपथ पत्र पेश है।

शपथकर्ता

## खबर संक्षेप



### टिकेश्वर ने की मोबाइल शॉप की शुरुआत

**महासमुंद।** ग्राम लभराखुर्द के निवासी टिकेश्वर पटेल एक गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं। आर्थिक कठिनाइयों के कारण उन्होंने महासमुंद की एक मोबाइल दुकान में काम करना शुरू किया, जहां उन्होंने मोबाइल रिपेयरिंग और बिक्री का अनुभव प्राप्त किया। इस अनुभव के आधार पर उन्होंने खुद की मोबाइल रिपेयरिंग और शॉप खोलने का सपना देखा, लेकिन आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण यह सपना अधूरा रह गया। पटेल ने जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र से प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत 2 लाख रुपए का ऋण और 70,000 रुपए का अनुदान प्राप्त किया। इस वित्तीय सहायता से टिकेश्वर पटेल ने अपने गांव में मोबाइल शॉप की शुरुआत की। पटेल ने बताया कि वे बैंक ऋण का नियमित भुगतान कर रहे हैं और इस योजना के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने पर उन्हें गर्व है।

# कायतपाली में पारंपरिक ईशर-गौरा महापूजन एवं महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

ग्राम कायतपाली में इस वर्ष भी पारंपरिक रीति-रिवाजों और सांस्कृतिक उत्साह के साथ ईशर-गौरा महापूजन एवं महोत्सव का आयोजन किया गया। यह आयोजन गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति के नेतृत्व में सुदर्शन ठाकुर और उनकी टीम द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्रामवासियों के साथ-साथ मातृशक्तियों और आसपास के जिलों से आए सांस्कृतिक दलों ने भी सहभागिता की।

महापूजन का शुभारंभ फूल खोंटना की परंपरा से हुआ। इस अनुष्ठान में सात कुंवारी कन्याओं द्वारा गड्ढा खोदकर अरवा चावल, फूल, धूप, दीया और नारियल अर्पित कर पूजा की गई। पूजा के दौरान समूह में पारंपरिक गीत गाए गए। यह प्रक्रिया पूरी श्रद्धा और पारंपरिक गीतों के साथ संपन्न की गई। दूसरे दिन भी इसी तरह फूल खोंटना की रस्म दोहराई गई। अगले दिन ईशर राजा, गौरा माता, सिद्ध बाबा और डंडया माता (काली कंकाली) की मूर्तियां बनाने की प्रक्रिया आरंभ हुई। इसके लिए जिस खेत को जोता नहीं गया था, वहां नारियल चढ़ाकर विधि-विधान से मिट्टी लाई गई। मिट्टी को दो अलग-अलग स्थानों से लिया गया और देवताओं की पूजा के बाद मूर्तियों का निर्माण आरंभ किया गया। इस दौरान दुकालू प्रसाद जगत ग्राम टेमरी की सहायता ली गई। चुलमाटी रस्म में सात नग चावल के चिल्ले अर्पित कर पूजा-अर्चना की गई। गोंडी रीति-रिवाज के अनुसार, विवाह संस्कार में महुआ पेड़ का विशेष महत्व है। महुआ की पतली लकड़ियों से मंगरोहन (माता-पिता के



प्रतीक) तैयार किए गए। हरियाली का प्रतीक जाम डारा और डूमर डारा का उपयोग कर मड़वा बनाया गया। मंगरोहन के पास दीया जलाकर और मड़वा को सुंदर ढंग से सजाकर रस्म शुरू की गई। मड़वा के नीचे तेल, हल्दी और मड़वा छुआने की रस्म पूरी की गई। समूह ने पारंपरिक गीत गाते हुए सात परिक्रमा की और फूल व चावल अर्पित किए। यह प्रक्रिया उत्साह और नृत्य के साथ संपन्न हुई।

### पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ हुआ विवाह

अगले चरण में बारात गमन की तैयारी हुई। मऊर परसोना की रस्म पूरी करने के बाद बारात गीत-संगीत के साथ गौरा माता की स्थापना स्थल पर पहुंची। यहाँ समधी भेंट और पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार विवाह हुआ। सात फेरे और टीकावन के साथ पूजा-पाठ के बाद विवाह को पूर्णता मिली। विवाह के उपरांत गोंडी रीति-नीति के अनुसार ग्राम के समस्त देवी-देवता, हवन पूजा का आयोजन किया गया। इसमें गोंडी देवी-देवता और ग्राम देवता की महाआरती की गई। महाआरती के बाद मंडवा में परिक्रमा और समूह गान के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ा।

### सरोवर स्नान एवं मन्नत मांगने की परंपरा निभाई

महाआरती के बाद श्रद्धालुओं ने सरोवर स्नान किया। इस दौरान शक्ति से संबंधित मन्नतें मांगी गईं, जिसे श्रद्धालुओं ने पूरी आस्था से संपन्न किया। महोत्सव के दौरान सांस्कृतिक दलों ने गोण्डवाना गाथा के माध्यम से गीत-संगीत और नृत्य प्रस्तुत कर गोंडी रीति-रिवाज और परंपराओं का महत्व बताया। पूरे आयोजन ने गांव में खुशहाली और उत्साह का माहौल बनाया। यह महापूजन और महोत्सव ग्रामवासियों, मातृशक्तियों और गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति के मेहनत और सहयोग से यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम ने गोंडी परंपराओं को संरक्षित करने और नई पीढ़ी को इससे जोड़ने का संदेश दिया। कायतपाली में इस आयोजन ने न केवल परंपराओं को जीवित रखा, बल्कि ग्रामवासियों के बीच एकता और सांस्कृतिक जागरूकता भी बढ़ाई।

## कलश यात्रा




**महासमुंद।** नयापारा संतोषी मंदिर के पास शिवमहापुराण कथा के शुभारभ दिवस में कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु महिलाएं और स्थानीय नागरिकगण। समस्त मोहल्लावासियों के सहयोग से 24 दिसंबर से 1 जनवरी तक होने वाले शिवमहापुराण कथा के प्रवचनकर्ता पंडित सुनील कुमार पांडेय मंदिर हसौद वाले है। कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक होगा।

# वेडनर स्कूल में मनाया गया स्वर्ण जयंती समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

वेडनर मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के गठन में 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती समारोह मनाया गया। इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा तथा विशेष अतिथि डायसिस एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष रेव्ह. फादर सेबस्टियम पूमटम एवं शाला के मैनेजर रेव्ह. फादर जार्ज कवालम रहे।

मुख्य अतिथि विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित राष्ट्र बनाने का जो सपना देखा है वह इस स्कूल में अच्छी शिक्षा प्राप्त करके उनके सपनों को पूरा करेंगे। प्राचार्य रेव्ह.फादर देवानंद बाघ ने शालेय गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि कई वर्षों से अनवरत यह स्कूल 50 वर्ष पूरी कर चुका है। समस्त कर्मचारियों की सराहनीय प्रशंसा करते हुए प्राचार्य ने कहा कि मैं भगवान के आगे नतमस्तक हूं, जिन्होंने स्कूल को सफलता की सीढ़ी तक पहुंचाया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी शिक्षिका मिताली जैन, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी उपेंद्र सोना एवं हुमैरा जबीन सहित समस्त शिक्षक- शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों का योगदान रहा। शाला नायिका विदुषी यादव द्वारा धन्यवाद दिया गया।




# निषाद समाज के बच्चों ने दिलाई सामाजिक छात्रवृत्ति परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पंचायत तुमगांव में निषाद समाज द्वारा गुहा निषाद राज वीरांगना बिलासा, क्रांतिकारी इंदरु केंवट, लोक कलाकार मदन निषाद व पद्मश्री स्व. पुनाराम निषाद की स्मृति में तृतीय छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय निषाद केंवट समाज छात्रवृत्ति परीक्षा 2024 कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा आयोजित की गई। इसका मुख्य उद्देश्य गरीब होनहार बच्चे जो आर्थिक स्थिति से कमजोर है और पैसे के कारण आगे बढ़ नहीं पा रहे है ऐसे होनहार बच्चों को समाजिक रूप से सहयोग कर आगे बढ़ाना है। यह परीक्षा पूर्ण रूप से निःशुल्क था। परीक्षा समय एक घंटे तीस मिनट का रहा। प्रश्न और उत्तर ऑनलाइन पूछे गए और जवाब ऑनलाइन दिया गया। इसमें सबसे ज्यादा अंक लाने वाले बच्चों को निषाद समाज द्वारा आगे पढ़ने के लिए फ्री कोचिंग व स्कॉरशिप छात्रवृत्ति तथा आर्थिक सहायता समाज के कार्यक्रम में दिया जाएगा।



ताकि, समाज के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ सके। पार्षद सभापति धर्मेंद्र यादव ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से ही हम अपने देश राज्य नगर और घर को परिवार को और समाज को मजबूत कर सकते है। निषाद समाज द्वारा यह पहल का स्वागतेय है। इस अवसर पर शत्रुघ्न निषाद, संतराम निषाद और समाज के अन्य सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बागबाहरा एवं नवरंगपुर में लगा श्रमिक पंजीयन शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सरायपाली विकासखंड के ग्राम पंचायत नवरंगपुर और बागबाहरा में श्रमिकों के लिए पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में श्रम विभाग के तत्वावधान में किया गया। शिविर में कुल 40 श्रमिकों का नया पंजीयन और 25 श्रमिकों के पंजीयन का नवीनीकरण किया गया। ग्राम पंचायत नवरंगपुर में आयोजित शिविर में 20 श्रमिकों का नया पंजीयन हुआ और 22 श्रमिकों का नवीनीकरण किया गया। वहीं, बागबाहरा में आयोजित शिविर में 20 श्रमिकों का नया पंजीयन और 3 श्रमिकों के पंजीयन का नवीनीकरण किया गया। शिविर में श्रमिकों को सरकार द्वारा संचालित श्रम योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने उपस्थित श्रमिकों को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए समय पर पंजीयन और नवीनीकरण कराने का आह्वान किया। श्रमिकों ने इस शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया और योजनाओं के प्रति जागरूकता दिखाई।




# जनहित के रंगमंच को तोड़ भाजपा नेता की मूर्ति बनाना गलत:अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खल्लारी विधानसभा के कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि बागबाहरा में ऐन नगरीय चुनाव से पहले वार्ड नं 1 व वार्ड नं 2 के मध्य स्थित जनहित के जनउपयोगी रंगमंच को आज तोड़ दिया गया, इसके लिए किसी भी प्रकार के आस-पास में निवासियों से सहमति नहीं ली गई, ना ही जानकारी दी गई। इस रंगमंच में मोहल्लेवासियों द्वारा गणेश चतुर्थी में भगवान गणेश की स्थापना व दुर्गोत्सव में दुर्गा की स्थापना कर कार्यक्रम की जाती रही है। साथ ही उसके सामने स्थित तिरंगा चौक में स्थित झंडोत्तोलन स्थल पर 26 जनवरी व 15 अगस्त में झंडात्तोलन किया जाता था, उसे भी तोड़ दिया गया जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है।

अंकित ने बताया कि वहां जनउपयोगी भवन/मंच ना बना कर भाजपा नेता की मूर्ति लगाई जानी है, जिसका मोहल्लेवासी हमलोग विरोध करते हैं।



अंकित ने कहा कि मूर्ति का विरोध नही है, पर जिस प्रकार से रंग मंच को तोड़ कर वहीं मूर्ति लगाई जा रही उसका विरोध है। मोहल्लेवासियों की मांग है कि उस स्थान पर पुनः रंग मंच सुव्यवस्थित बनाना जनहित में होगा। अन्यथा मोहल्लेवासी उग्र प्रदर्शन करेंगे, जिसकी समस्त जवाबदारी नगर पालिका के अधिकारियों व शासन प्रशासन की होगी। इस संबंध में सीएमओ के नाम से ज्ञापन भी दिया गया व कल ऑनलाइन होने वाले भूमिपूजन का विरोध किया। विरोध पत्र में हस्ताक्षर करने वाले मुख्य रूप से अंकित बागबाहरा, अजय राजपूत, दिलीप चौहान, मनोज ध्रुव, गोविंदा, भूषण बघेल, रमेश यादव, शिवा महानंद, घनश्याम चंद्राकर, केएस सबर, चंद्रिका यादव, सुरेश ठाकुर, वैभव आदि शामिल हैं।




## राज्य स्तरीय लाठी चैंपियनशिप में जिले के छात्रों ने बंटोरे अनेक पदक

**महासमुंद।** प्रथम राज्य स्तरीय लाठी चैंपियनशिप का आयोजन विगत 21 दिसम्बर को अजंता पैलेस भिलाई में हुआ। इस टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ राज्य के 13 जिलों के लगभग 250 बच्चों ने हिस्सा लिया। टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ, समाज सेविका डॉक्टर मानसी गुलाटी , लाठी स्पोर्ट्स ऑर्गेनाइजेशन इंडिया के अध्यक्ष सीए प्रतीक अग्रवाल, महासचिव संबाजी एच चौहान एवं लाठी स्पोर्ट्स ऑर्गेनाइजेशन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष अरविंद सिंह खुराना, महासचिव संदीप ताम्रकार रहें। डिस्ट्रिक्ट लाठी स्पोर्ट्स एसोसिएशन महासमुंद के मुख्य प्रशिक्षक अभय दास एवं सह प्रशिक्षक नंदनी देवांगन के निर्देशन में जिला महासमुंद के 6 बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर 12 पदकों (जिसमें 8 स्वर्ण, 3 रजत एवं 1 कांस्य पदक) हासिल कर जिले का नाम रोशन किया। जिनमें पलक देवांगन ( 2 स्वर्ण), अक्षधा चंद्राकर ( 2 स्वर्ण) , सात्विक वर्मा ( स्वर्ण,रजत), वेंकटेश साहू (स्वर्ण,रजत), मनोज कोमार्रा (स्वर्ण,रजत), अभ्युदय मानिकपुरी (स्वर्ण, कांस्य ) ने लाठी डिमॉन्स्ट्रेशन, लाठी फाइट जैसे इवेंट में भाग लिया। इस उपलब्धि पर डिस्ट्रिक्ट लाठी स्पोर्ट्स एसोसिएशन महासमुंद के अध्यक्ष संदीप चौधरी, उपाध्यक्ष आनंद कुमार वैष्णव, महासचिव अभय दास, सहसचिव नंदनी देवांगन एवं सदस्य भोज विश्वकर्मा ने हर्ष जताया है।







# देव संस्कृति के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

देव संस्कृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 150 छात्र-छात्राओं व स्टाफ को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान बच्चों को धमतरी जिला के अंगार मोती, झलमला, सिया देवी, ओना-कोना, गंगरेल बांध का भ्रमण कराया गया। इस दौरान बच्चों ने छत्तीसगढ़ की विभिन्न कलाकृतियों, संस्कृति धरोहर को देखा और समझा। वही अंगार मोती में माता का दर्शन कर बच्चों ने माता के बारे में उत्सुकता से जाना। संस्था के प्राचार्य कुबेर प्रकाश गिरी ने कहा कि इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को छत्तीसगढ़ की धरोहर व संस्कृति का अध्ययन कराने के साथ-साथ प्राकृतिक अध्ययन कराना था। व्याख्याता नंदकुमार साहू ने कहा कि यह 600 साल पुराना मंदिर था। लेकिन, गंगरेल बांध बनने के बाद गांव में स्थित मंदिर डूब गया था। लोग कहते हैं कि इसके बाद डूब के क्षेत्र चंवरगांव के बीहड़ में माता स्वयं प्रकट हुई और अपनी तेज से इलाके को अलोकिक कर दिया। अंगार मोती अंगारा ऋषि की पुत्री है। ये सभी वन देवियों की बहन मानी जाती है, इन्हें प्रकृति और हरी भरी वादियों से विशेष लगाव है। माता बहुत चमत्कारी है। इसे 1972 में गंगरेल बांध के पास मां अंगार मोती को स्थापित किया गया। मंदिर में अंगार मोती के अलावा शीतला माता, दंतेश्वरी माता, भैरव बाबा भी स्थापित है। मान्यता है कि श्रद्धा के साथ जो भक्त यहां नारियल बांधता है मां उसकी मुराद जरूर पूरा करती हैं। यहां नवरात्र में भक्त मनोकामना ज्योत भी जलाते हैं। प्राथमिक प्रभारी अनिता पिल्लई ने सिया देवी मंदिर के बारे में बताया यह मंदिर धमतरी से लगभग 40-50 किलोमीटर और बालोद से 18 किलोमीटर दूर पहाड़ी पर स्थित है। अपनी प्राकृतिक सुंदरता से शोभायमान है, जो धार्मिक पर्यटन स्थल कहा जाता है। यहां पहुंचने पर झरना, जंगल, पहाड़ों से प्रकृति की खूबसूरती का एहसास होता है। इसके अलावा राम सीता, लक्ष्मण, शिव, पार्वती, हनुमान, राधा कृष्ण, सियादेवी, भगवान बुद्ध, बूढ़ादेव की प्रतिमाएं है। यह स्थल पूर्णतः रामायण की कथा से जुड़ा हुआ है। ऐसा माना जाता है कि त्रेता युग में भगवान राम सीता माता और लक्ष्मण वनवास काल में इस जगह पर आए थे। यहां सीता माता के चरण के निशान भी चिन्हित किए गए हैं। वर्षा के समय में यह जगह खूबसूरत झरने की वजह से अत्यंत मनोरम हो जाती हैं। झरने को वाल्मीकि झरने के नाम से जाना जाता है। शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में कुबेर प्रकाश गिरी (प्राचार्य), शशि प्रभा थिटे ( अध्यक्ष), अनीता पिल्लई (प्राथमिक प्रभारी), दूषण लाल साहू, नंद कुमार साहू, कृष्ण कुमार साहू, जितेंद्र चक्रधारी, लोकेश चंद्राकर, ऋषभ साहू, योगेंद्र देवांगन, गरिमा साहू, गायत्री सेन, संजू पारेश्वर, योगिता कन्नौजे, लता निषाद, सुनीता साहू, रामेश्वरी साहू, भूमिका चंद्राकर, योगिता महाकुर, रेखराम पटेल, गायत्री साहू, गौरी साहू, लक्ष्मी साहू उपस्थित थे। उपरोक्त जानकारी शिक्षक कृष्ण कुमार साहू ने दी है।





## खबर संक्षेप



### खरोरा में अखंड दुर्गा चालीसा का पाठ हुआ

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में 24 दिसंबर को नशामुक्त, मांसाहार मुक्त व चरित्रवान समाज निर्माण के लक्ष्य को लेकर पांच घंटे तक अखंड दुर्गा चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें कौशिक चंद्राकर, रंजित चंद्राकर, परशुराम यादव, दिलीप सेन, राजू सेन, दुलार यादव, द्रोपती यादव, ललिता निर्मलकर, राधे निर्मलकर, हीराबाई चंद्राकर, चंदा चंद्राकर, कौशल चंद्राकर, रीखा चंद्राकर, संध्या चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### तुलसी जयंती आज

**महासमुंद।** माता तुलसी की जयंती हर साल 25 दिसंबर को मनाई जाती है। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि हिंदू धर्म में तुलसी पूजा का बहुत महत्व है। इस धर्म में तुलसी के पौधे का विशेष महत्व बताया गया है। ऐसी मान्यता है कि जिन घरों में माता तुलसी के पूजा की नियमित पूजा होती है, उस घर में मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की कृपा बनी रहती है और उसे कभी किसी चीज की कमी नहीं होती है। प्रत्येक वर्ष 25 दिसंबर को माता तुलसी जन्मदिन के रूप से मनाया जाता है।



### बाबा के सिद्धांतों को जीवन में उतारेः तुषार

**महासमुंद।** ग्राम नयापारा में गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। पवित्र जैतखाम की पूजा-अर्चना कर शुभाशीष प्राप्त किया और समस्त क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। तुषार साहू ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास के सप्त सिद्धांतों को जीवन में उतार कर हम सभी को निःस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा करनी चाहिए। बाबा ने समाज को नई दिशा प्रदान करने में अतुलनीय योगदान दिया है। इस दौरान उप सरपंच संतराम, तोमर लाल, राहुल, सुरेश, मोहन, नोहर, शंकर, बंटी, संजय आदि मौजूद रहे।

### सुरेश दीवान का निधन

**महासमुंद।** ग्राम विकास समिति तुपकबोरा के वक्ता व समाजसेवी 62 वर्षीय सुरेश दीवान (बड़े बबा) का आकस्मिक निधन हो गया। वे पंचम दीवान, भुवनेश्वर, धनेश्वर दीवान के बड़े भाई थे।



## चौपाल : विष्णु की पाती का किया गया वितरण

# वन चौपाल में सुशासन की उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ सरकार के सुशासन का

■ किसान वृक्ष मित्र योजना के तहत इच्छुक हितग्राहियों से भरवाए गए फॉर्म

एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा बसना वन परिक्षेत्र में वन चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और सुशासन की उपलब्धियां साझा की गईं।

कार्यक्रम में ग्रामीणों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार द्वारा तेंदूपत्ता संग्राहकों की मानक बोरा राशि को 4000 रुपए से



बढ़ाकर 5500 रुपए करने की घोषणा की जानकारी दी गई। साथ ही विष्णु की पाती पत्रक का वितरण कर योजनाओं के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा दिया गया। लघु वनोपज संघ की बीमा और छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों तक पहुंचाई गई। कार्यक्रम के दौरान किसान वृक्ष मित्र योजना के तहत 5 एकड़ भूमि पर निःशुल्क 5000 पौधे लगाने का प्रावधान बताया गया। पौधों की सुरक्षा और रखरखाव के लिए अनुदान राशि का भी उल्लेख किया गया। आगामी वर्षा ऋतु 2025 के लिए इच्छुक कृषकों से फार्म भरवाए गए। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ग्रामीणों को पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया और उन्हें पौधे वितरित कर रोपण कराया गया।

वन प्रबंधन समितियों के विकास कार्यों, रोजगारमूलक योजनाओं, हाथी-मानव द्वंद रोकथाम, गज यात्रा अभियान और वन्यजीवों से सुरक्षा के उपायों पर चर्चा की गई। वन अग्नि घटनाओं से पर्यावरण को बचाने और क्षतिपूर्ति मुआवजा योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, वन प्रबंधन समिति के सदस्य, वन विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए खल्लारी विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

ग्राम नर्रा में सतनामी समाज द्वारा संत गुरु घासीदास बाबा की जयंती सोमवार को मनाई गई। कार्यक्रम के

■ विधायक ने नवनिर्मित भवन का भी किया लोकार्पण

मुख्य अतिथि पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव ने गुरु घासी दास बाबा का पवित्र जैतखाम का पूजन अर्चना की। पश्चात समाज के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का फूल व गुलाल से स्वागत सम्मान किया गया। इस अवसर विधायक निधि से 3 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित भवन का लोकार्पण विधायक द्वारिकाधीश यादव ने किया। अध्यक्षता मनीराम कुर्रे, विशेष अतिथि पूर्व जनपद सदस्य व पूर्व विधायक प्रतिनिधि उमेश जैन, विजय शंकर निगम विधायक प्रतिनिधि, इंदल ध्रुव विधायक प्रतिनिधि, नर्रा सोसायटी राजेन्द्र गुप्ता, हरिशंकर यादव, गोलू जैन, मेघनाथ यादव, दिलीप गुप्ता, नुरेंद्र साहू, उपसरपंच संतराम पटेल आदि रहे।



इस मौके पर विधायक ने कहा कि संत गुरु घासीदास बाबा सामाजिक आर्थिक विषमता शोषण तथा जातिवाद को समाप्त करके मानव-मानव एक समान का संदेश देकर समानता और मानवता का पाठ पढ़ाया था। इस दौरान समाज के लोगों ने समतलीकरण के लिए राशि की मांग की, जिस पर विधायक यादव ने अपने मद से 1.50 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस दौरान समाज के मनीराम कुर्रे, सेतराम ढीढ़ी, रोहित, राजेश, राम समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। दिन में पंथी एवं रात्रि में मनोहर मांझी बलोदाबाजार लोक कार्यक्रम कार्यक्रम हुआ।

## नपाध्यक्ष राशि द्वारा शुरू किए गए निर्माल्य रथ को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद



**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग द्वारा शहरवासियों की सुविधा और तालाबों को सरंक्षित रखने के उद्देश्य से करीब 4 माह पूर्व शुरू किए गए निर्माल्य रथ को शहर में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। शहर के नागरिक घरों में पूजा-अर्चना पश्चात विसर्जित की जाने वाली सामग्रियों को उक्त रथ में संग्रहित कर रहे हैं। इससे शहर के तालाब संरक्षित हो रहे हैं। नागरिकों ने इस सुविधा के लिए नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग की प्रशंसा कर आभार जताया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने शहर के सभी नागरिकों से कहा कि अपने घरों की विसर्जित की जाने वाली पूजन सामग्री को तालाबों में विसर्जित करने की बजाय निर्माल्य रथ में संग्रहित करने की अपील की है।

# 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं गायत्री माता की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार के मार्गदर्शन एवं गायत्री शक्तिपीठ के तत्वावधान में ग्राम मुढ़ेना में 4 जनवरी से 8 जनवरी तक आयोजित 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ गायत्री माता की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का भूमिपूजन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपजोन समन्वयक सीपी साहू, सह समन्वयक एमएल साहू, योगेश्वर राजू सिंहा विधायक, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर, भाजपा महामंत्री प्रदीप चंद्राकर एवं अन्य वरिष्ठगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां गायत्री की पूजा अर्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा ने गायत्री मंत्र की महिमा का महत्त्व बताते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को इसका नियमित रूप से इसका जप करना चाहिए, इससे सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान होता है, मन को शांति मिलती है। विशेष अतिथि पूनम चंद्राकर ने गायत्री माता मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा एवं 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को सफल बनाने के लिए सभी को सहयोग करने का आव्हान किया। सीपी साहू ने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आसपास के 51 गांवो में परिव्रज्या करने, 5 जनवरी को देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ चिन्मय पंड्या की उपस्थिति पर अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी कराने एवं गांव में दीवार लेखन, मंत्र लेखन के माध्यम से लोगों से संपर्क कर कार्यक्रम को विशेष रूप से सफल बनाने के लिए निवेदन किया। एमएल साहू ने कार्यक्रम की जानकारी दी।

इस अवसर पर महासमुंद शक्तिपीठ से ललित मेश्राम, जिला समन्वयक बोधराम साहू,विश्राम साहू, परस चौहान, जगमोहन साहू, हीरालाल साहू, धनवंतरी सिन्हा, भारत साहू, राधे चंद्राकर, अमर साहू, महिला मंडल से पूर्णिमा साहू, निशा चंद्राकर, मंजू चंद्राकर, दुलारी चंद्राकर, प्रेमलता साहू, मुढ़ेना ईकाई से अरुण साहू, कृषलाल साहू, गेसुराम साहू, नंद कुमार साहू, भगवती साहू, हीरालाल पटेल, प्यारेलाल निषाद, थानूराम साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, नेहरू साहू मौजूद रहे।

# राजयोग मेडिटेशन सेंटर से विभिन्न वर्गों को मिलेगा आध्यात्मिक ज्ञानः पुष्पा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम एमकेबाहरा में प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की शाखा गीतापाठ शाला में राजयोग मेडिटेशन सेंटर की नवनिर्मित ओम शांति भवन का शुभारंभ समारोह हुआ। ब्रह्माकुमारी पुष्पा की अध्यक्षता में आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्रह्माकुमारीज़ की ओडिशा जोन के सब जोन इंचार्ज, योग शक्ति एवं राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुमति नवरंगपुर ने गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद के प्रबंध ट्रस्टी आनंद साहू, जिला पंचायत सदस्य अल्का चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष स्मिता चंद्राकर, जिला सहकारी समिति मर्यादित संघ महासमुंद के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, ग्रामपंचायत के सरपंच कमल साहू, ग्राम के वरिष्ठ ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के बीके वस्तुलाल पटेल एवं क्षेत्र के विभिन्न सेवा केंद्रों से



पदाधिकारी ब्रह्माकुमारियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया।

मुख्य अतिथि सुमति ने कहा कि इस स्थान से समाज के विभिन्न वर्गों को आध्यात्मिक बातों के गूढ़ रहस्य की जानकारी मिलेगी। एक नई दिशा और नई सोच के साथ परिवार, समाज व देश में परिवर्तन आयेगा। भागवत साहू एवं परिवार को साधुवाद कहा। जिला पंचायत सदस्य अल्का चंद्राकर ने कहा कि गांव में राजयोग मेडिटेशन खुलने से ग्रामवासी तनावग्रस्त जीवन में हल्केपन की अनुभूति करेंगे। जनपद अध्यक्ष स्मिता चंद्राकर ने कहा कि नकारात्मक विचारों के कारण जीवन में तनाव से बचने के लिए राजयोग मेडिटेशन सबसे अच्छा साधन है। सहकारी समिति मर्यादित संघ के जिलाध्यक्ष जय प्रकाश साहू ने कहा कि गांव में नवनिर्मित ओम शांति भवन में राजयोग मेडिटेशन सेंटर बनने से ग्रामवासियों एवं आसपास के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। ग्राम सरपंच कमल साहू ने ब्रह्माकुमारीज़ गीतापाठ शाला से जुड़े सदस्यों के जीवन शैली की महिमा करते हुए ग्राम व समाज के लिए प्रेरणा की बात कही। उद्घाटन समारोह में छुरा के राजा साहब लाल यशपेन्द्र शाह अपने पूरे परिवार के साथ पहुंचे। ब्रह्माकुमारियों ने स्वागत कर सभी अतिथियों को ईश्वरीय सौगात भेंट कर सम्मानित किए।

इस अवसर पर ईश्वरीय कार्य के निम्मित नवनिर्माण ओम शांति भवन के सहयोगी ब्रह्माकुमार झगेश, वरिष्ठ वस्तु लाल पटेल, पीताम्बर, छगन, प्राणनाथ, मुकेश साहू, प्रकाश पटेल, रामानंद चंद्राकर, भागवत साहू समेत बड़ी संख्या में संस्था के सदस्य व ग्रामवासी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन बालोद से पहुंचे ब्रह्माकुमार संजय ने किया। नन्हे बच्चों ने सुंदर प्रस्तुति दी, जिन्हें पुरस्कृत किया गया।



### विधायक ने किया खेल परिसर का निरीक्षण

**बसना।** विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने मंगलवार को बसना के दशहरा मैदान में खेल परिसर का निरीक्षण किया और वहां पर किए जा रहे रेनोवेशन कार्य मंच निर्माण, शेड निर्माण, ग्राउंड लेबलिंग, रनिंग पाथवे और अन्य विकास कार्यों के बारे में अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। विधायक ने बताया कि दशहरा खेल परिसर को सुंदर और आकर्षक खेल मैदान के रूप में विकसित करने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। ताकि, युवा खेलों के प्रति आकर्षित होकर इनमें भाग लें। खेल परिसर बसना में खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। खेल मैदान में दर्शकों के प्रवेश करने और बाहर जाने के लिए स्थान को और अधिक कारगर बनाया जा रहा है। ताकि, लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस दौरान विधानसभा संयोजक डॉ एनके अग्रवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, शीत गुप्ता, कामेश बंजारा, सीएमओ सूरज सिदार, रमेश कर, राकेश अग्रवाल, मुकेश मित्तल आदि मौजूद थे।

# बसना में पांच दिवसीय कन्या कौशल शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री शक्तिपीठ बसना में पांच दिवसीय कन्या कौशल शिविर आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम में जीवन जीने की कला, स्वस्थ रहने के उपाय, बुद्धि बढ़ाने का वैज्ञानिक विधि, परिवार निर्माण, स्वाध्याय, संयम और सेवा विषय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में लगभग 170 कन्याएं शामिल हुईं। शिविर में प्रशिक्षण देने के लिए रायपुर से टोली नायक के रूप में पुष्पा वर्मा, पूर्णिमा कश्यप, नम्रता शुक्ला, पूर्णिमा साहू उपस्थित रही। शिविर के तीसरे दिवस पर महासमुंद शक्तिपीठ से जिला समन्वयक बोधराम साहू, परसराम चौहान, विश्राम साहू, जगमोहन साहू, धनवंतरी सिन्हा, हीरालाल साहू, भारत साहू एवं उपजोन सह समन्वयक एमएल साहू उपस्थित हुए। एमएल साहू ने प्रशिक्षणर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अपने जीवन को सफल बनाने के लिए साधना, स्वाध्याय, सेवा एवं संयम को जीवन में अपनाने एवं शिविर में बताए हुए बातों को जीवन में उतारने की सलाह दिया। कार्यक्रम में देवचंद नायक, अनिल कानूनगो, वीरेंद्र होता, जयदेव प्रधान, बीआर कर्ष, जितेंद्र भोई, प्रफुल्ल पसायत, लिंगराज, मालती पटेल, सोहरमति जगत आदि का सहयोग रहा।

# नयापारा में महाकाली यज्ञ एवं जगराता का आयोजन 29 से

**बिरकोनी।** ग्राम अछरीडीह नयापारा में त्रिदिवसीय पांच कुण्डीय महाकाली यज्ञ एवं त्रिदिवसीय भंडारा का आयोजन 29 दिसंबर रविवार से किया गया है। प्रथम दिवस कलश यात्रा, माता स्थापना में देवी महाकाली की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। रात्रि 10 बजे लोक नृत्य मोर मयारू चंडी दाई छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी बिरकोनी द्वारा रंगारंग प्रस्तुति दी जाएगी। द्वितीय दिवस प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक परमेश्वर मानस मंच की प्रस्तुति के बाद साधु सम्मेलन दोपहर 2 बजे साधु सम्मेलन महंत उमेशानंद गिरी, महंत गोबिंद गिरी महाराज द्वारा संबोधन एवं 1008 उमेशानंद गिरी महाराज का संबोधन व शाम 7 बजे से योगेश्वरी मानस परिवार द्वारा जस जगराता की प्रस्तुती प्रस्तुत दी जाएगी। तृतीय दिवस मंगलवार को महंत स्वामी गणेशनंद गिरी महाराज द्वारा देवी पुराण रहस्य प्रवचन प्रस्तुत किया जाएगा। रात्रि 11 बजे स्टार नाइट लोक कला मंच की प्रस्तुति छत्तीसगढी अभिनेत्री मुस्कान साहू द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। मंगलवार को महायज्ञ पूर्णाहुति के बाद माता प्रतिमा विसर्जन, जसगीत, सेवा गीत, लोक कला मंच सुर सिंगार जगराता पिंकी साहू रायपुर द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। यज्ञकर्ता टोहल निषाद द्वारा मां काली की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया जाएगा। पांच कुंडीय महाकाली महायज्ञ गुरुदेव छबि राम ध्रुव के नेतृत्व में किया जाएगा। आचार्य खोमेश शर्मा द्वारा मंत्र जाप के साथ पाठ किया जाएगा। यज्ञकर्ता टोहल निषाद ने ग्रामीणों सहित आसपास के श्रध्दालुओं को यज्ञ में अपनी सहभागिता देकर जीवन धन्य बनाने व भंडारा में उपस्थित होकर प्रसाद ग्रहण करने व मानस गान का आनंद उठाने की अपील की है। कार्यक्रम की तैयारी में बुधेश्वर साहू, सूरज सिंह, अंबर सिंह, धनसिंग निर्मलकर, रूपेश निषाद, देव साहू, तुलेश निषाद, अजय चक्रधारी, रजत पांडे, चंदन साहू, नागेश साहू, लोकेश जलक्षत्री, दिनेश निर्मलकर, रामा निषाद, गंगाराम निषाद, मोरध्वज यादव, पिंटू यादव, मोहित यादव, शुभम निषाद, राकेश शर्मा, रवि साहू, धनाऊ निर्मलकर, सागर तिवारी आदि जुटे हुए हैं।







